भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न सं. *115
सोमवार, 8 दिसंबर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

नासिक कुंभ मेला, 2027 के लिए धनराशि

***115. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित होने वाले कुंभ मेले में आने वाले पर्यटकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए कोई धनराशि आवंटित की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने नासिक कुंभ मेले के बाद महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में शिरडी, कोपरगांव और शनि शिंगणापुर जाने वाले तीर्थयात्रियों को पेयजल, विश्राम कक्ष और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी कोई धनराशि आवंटित की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे द्वारा नासिक कुंभ मेला, 2027 के लिए धनराशि के संबंध में दिनांक 08.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या *115 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ङ): पर्यटन स्थलों का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी चल रही प्रशाद और स्वदेश दर्शन नामक योजनाओं के माध्यम से पर्यटन अवसंरचना का विकास करके राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है। यह कार्य राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय ने महाराष्ट्र के नासिक में आगामी कुंभ मेले तथा महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के शिरडी, कोपरगांव और शनि शिंगणापुर जैसे स्थानों के लिए आज तक अवसंरचना विकास के किसी भी परियोजना को मंजूरी नहीं दी है।

हालाँकि, पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जाँच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा धन की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने महाराष्ट्र के नासिक और अहमदनगर जिलों में विभिन्न पर्यटन अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

योजना का नाम	परियोजना का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)
प्रशाद	त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास	45.41
पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना)	नासिक में राम-काल पथ का विकास	99.14
सीबीडीडी, स्वदेश दर्शन योजना की एक उप-योजना	अहमदनगर किले का विकास	25.00

महाराष्ट्र की राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पर्यटन विभाग ने क्षेत्रीय पर्यटन विकास की योजना के तहत कोपरगांव और शिरडी में 26.27 करोड़ रु. की कुल लागत के पर्यटन संबंधी विकास कार्यों को प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया है।

इसके अलावा, महाराष्ट्र सरकार ने नासिक में आगामी कुंभ मेला 2027 की तैयारियों की योजना बनाने, समन्वय करने और निगरानी के लिए नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेला प्राधिकरण (एनटीकेएमए) की स्थापना की है। यह कुंभ मेले के सुचारू आयोजन के लिए ज़िम्मेदार नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगा।

*****